प्रादेशिक समाचार

दिनांक–01.08.2024 (संध्या 1900 बजे)

मुख्य समाचार

1. **झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र के पांचवें दिन भी जमकर हंगामा, स्पीकर ने विपक्ष के 17 विधायकों को कल दोपहर दो बजे तक के लिए किया निलंबित।**
2. **सुप्रीम कोर्ट का 'एससी–एससी' आरक्षण पर बड़ा फैसला, कहा राज्यों को कोटा में कोटा निर्धारित करने का अधिकार।**
3. **शूटर स्वप्निल कुसाले ने 50 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में तीसरा स्थान हासिल कर कांस्य पदक जीता, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दी बधाई।**
4. **मौसम विभाग ने दो दिनों तक लोहरदगा, रांची, गुमला और खूंटी में भारी बारिश का जारी किया आरेंज एलर्ट।**

****

झारखंड विधानसभा में हेमंत सोरेन पर वादाखिलाफी का आरोप लगाकर प्रदर्शन कर रहे विपक्ष के 17 विधायकों को निलंबित कर दिया गया है। विधानसभा अध्यक्ष ने भाजपा के विधायकों को कल दोपहर दो बजे तक के लिए निलंबित किया है।

ये सभी विधायक कल से ही विधानसभा में धरना पर बैठे थे। वे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से रोजगार और अनुबंधकर्मियों के नियमितीकरण पर जवाब मांग रहे थे। विपक्ष का आरोप है कि जिन वादों के साथ यह सरकार सत्ता में आयी, वह अब तक पूरे नहीं हुए हैं।

****

इस बीच सदन से 17 विधायकों को निलंबित किये जाने पर नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने इसे लोकतंत्र की हत्या करार दिया है। उन्होंने कहा कि बिना किसी दोष के स्पीकर ने जो रवैया अपनाया है, उससे पता चलता है कि सरकार निरंकुश हो चुकी है।

****

केंद्र सरकार के प्रस्तावित कोल बेयरिंग एरिया एक्ट (सीबीए) में संशोधन के विरुद्ध झारखंड विधानसभा ने आज प्रस्ताव पारित किया गया। इस प्रस्ताव को केंद्र के पास भेजा जाएगा। इस मामले पर वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव ने कहा कि प्रस्तावित संशोधन झारखंड सरकार की जल, जंगल और जमीन को बचाने का जो संकल्प है, उसके विरुद्ध है।

****

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने सहायक आचार्य नियुक्ति प्रतियोगिता परीक्षा सहित अन्य पदों के लिए चल रही नियुक्ति प्रक्रियाओं को लेकर मुख्य सचिव एल० खियांग्ते, अपर मुख्य

सचिव अविनाश कुमार, झारखंड कर्मचारी चयन आयोग के अध्यक्ष प्रशांत कुमार और स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव उमाशंकर सिंह के साथ बैठक की। इस बैठक में उन्होंने सहायक आचार्य के 26 हज़ार पदों के लिए चल रही नियुक्ति प्रक्रिया की जानकारी प्राप्त की।

****

सुप्रीम कोर्ट ने आज एससी–एसटी आरक्षण पर बड़ा फैसला सुनाते हुए कहा कि राज्य सरकारों को कोटे में कोटा निर्धारित करने का अधिकार है। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली सात जजों की संवैधानिक पीठ ने 6 अनुपात 1 के बहुमत से व्यवस्था दी कि राज्यों के पास आरक्षण के लिए अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति में सब–कैटेगरी बनाने की शक्तियां हैं। शीर्ष अदालत ने ईवी चिन्नैया मामले में 2004 के फैसले को पलट दिया जिसमें कहा गया था कि सब–कैटेगरी की अनुमति नहीं है।

****

असम के मुख्यमंत्री सह भाजपा के चुनाव प्रभारी हिमंता विश्व सरमा ने दो दिवसीय झारखण्ड दौरे पर आज दुमका और पांकुड़ का दौरा किया। श्री सरमा ने जमीन विवाद को लेकर हुई मारपीट मामले की जानकारी ली और घायलों के परिजनों के इलाज सहित कानूनी लड़ाई के लिए पार्टी फंड से एक–एक लाख रुपए देने की घोषणा की। मौके पर श्री सरमा ने कहा की एसपीटी एक्ट के रहते आदिवासियों की जमीन पर जबरन कब्जा राज्य सरकार की तुष्टिकरण की राजनीति है।

****

मुख्यमंत्री मईयां योजना के प्रचार प्रसार के लिए आज राज्य भर में जागरूकता रथ रवाना किया गया। पूर्वी सिंहभूम जिला समाहरणालय में उपायुक्त अनन्य मित्तल ने पांच जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इधर, लोहरदगा उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने आज तीन जागरूकता रथों को रवाना किया। वहीं गुमला जिले में उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी और जिले अन्य वरीय अधिकारीयों ने जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखायी। उधर साहेबगंज उपायुक्त हेमंत सती, ने समहरणालय परिसर से हरी झंडी दिखाकर जागरूकता रथ रवाना किया।

****

हजारीबाग जिले के लोगों को अब हाथी ऐप के माध्यम से हाथियों के आवागमन की जानकारी मिलेगी।

****

लोहरदगा जिले के कैरो प्रखण्ड की सढ़ाबे पंचायत अंतर्गत डूमरटोली में कल रात हाथियों के झुंड ने दो घरों को पूरी तरह से ध्वस्त कर घर में रखे अनाज और अन्य सामान को क्षतिग्रस्त कर दिया। ग्रामिणों ने बताया कि इस बारिश के मौसम में हाथियों के हमले के बाद रहने और खाने की समस्या उत्पन्न हो गयी है।

****

भारत के शूटर स्वप्निल कुसाले ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 50 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में तीसरा स्थान हासिल कर कांस्य पदक जीता। स्वप्निल ने कुल 454 दशमलव 4 अंक प्राप्त कर यह उपलब्धि हासिल की है। इसके साथ ही भारत ने पेरिस ओलंपिक में अपना तीसरा पदक हासिल कर लिया। उनके इस प्रदर्शन पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अभिनव बिन्द्रा सहित कई लोगों ने बधाई दी है।

****

राज्य में साइक्लोनिक सर्कुलेशन के कारण अगले दो दिनों तक राज्य के कई हिस्सों में भारी बारिश हो सकती है। मौसम विज्ञान केंद्र रांची ने भारी बारिश का आरेंज और येलो एलर्ट जारी किया है। मौसम केन्द्र के अनुसार लोहरदगा, रांची, गुमला और खूंटी में भारी बारिश का आरेंज एलर्ट है। वहीं गढ़वा, पलामू, चतरा, हजारीबाग, कोडरमा, सिमडेगा और सिंहभूम जिले में बारिश का येलो एलर्ट जारी किया है।